समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 08 September 2026

# डाला मे जुटे निषाद समाज के दिग्गज, 13 सितंबर को राबर्ट्सगंज मे होगा जनजागरण अभियान

suaibkhan608@gmail.com Published on 13 Sep 2025



ओबरा विधानसभा क्षेत्र के डाला बारी स्थित जिलाध्यक्ष अनिकेत निषाद के आवास पर शुक्रवार को निषाद समाज के दिग्गज नेताओं का जमावड़ा रहा। इस दौरान सहभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें राष्ट्रीय निषाद एकता परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अमित निषाद एवं निषाद पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व्यास मुनि निषाद विशेष रूप से मौजूद रहे।

बैठक में निर्णय लिया गया कि **निषाद समाज जनजागरण अभियान** के तहत आगामी **13 सितंबर को स्वामी विवेकानंद सभागार, राबर्ट्सगंज** में राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संजय निषाद की अगुवाई में एक विशाल कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

भोजन उपरांत जिलाध्यक्ष अनिकेत निषाद की अध्यक्षता में हुई बैठक में प्रदेश अध्यक्ष दयाशंकर निषाद, बजरंगी निषाद, गणेश गुप्ता, अशोक निषाद, राकेश निषाद, राजेश निषाद समेत संगठन के कई पदाधिकारी शामिल हुए। सभी ने मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए रणनीति तैयार की।

बैठक में समाजहित के विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई और यह संकल्प लिया गया कि आने वाले समय में निषाद समाज की एकता, अधिकारों और सम्मान के लिए जनजागरण अभियान को और अधिक व्यापक स्तर पर आगे बढ़ाया जाएगा।

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/suaibkhan608@gmail.com, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.